भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF CULTURE**
**NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY**

# फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के लिए धरोहर उप-विधि

# Heritage Bye-Laws for Picture Gallery, Hussainabad, Lucknow, Uttar Pradesh

# फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, लखनऊ , उत्तर प्रदेश के लिए धरोहर उप-विधि

# Heritage Bye-Laws for Picture Gallery, Hussainabad, Lucknow, Uttar Pradesh

| विषय-सूची | | |
|---|---|---|
| **अध्याय I**<br>**प्रारंभिक** | | |
| 1.1 | संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ | 1 |
| 1.2 | परिभाषाएं | 1-3 |
| **अध्याय II**<br>**प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि** | | |
| 2.1 | अधिनियम की पृष्ठभूमि | 4 |
| 2.2 | धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध | 4 |
| 2.3 | आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां | 4 |
| **अध्याय III**<br>**केंद्रीय संरक्षित संस्मारक-"फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश" का स्थान एवं अवस्थिति** | | |
| 3.1 | संस्मारक का स्थान एवं अवस्थिति | 5-6 |
| 3.2 | संस्मारक की संरक्षित चारदीवारी | 6 |
| | 3.2.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के अभिलेखों के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना: | 6 |
| 3.3 | संस्मारक का इतिहास | 6-9 |
| 3.4 | संस्मारक का विवरण (वास्तुशिल्पीय विशेषताएं, तत्व, सामग्रियॉ आदि) | 9 |
| 3.5 | वर्तमान स्थिति | 9 |
| | 3.5.1 संस्मारक की स्थिति- स्थिति का आकलन | 9 |
| | 3.5.2 प्रतिदिन आने वाले और कभी-कभार एकत्रित होने वाले आगंतुकों की संख्या | 9 |
| **अध्याय IV**<br>**स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विद्यमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो** | | |
| 4.1 | विद्यमान क्षेत्रीकरण | 10 |
| 4.2 | स्थानीय निकायों के वर्तमान दिशानिर्देश | 10 |
| **अध्याय V**<br>**प्रथम अनुसूची एवं कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना** | | |
| 5.1 | संस्मारक की रूपरेखा योजना | 11 |
| 5.2 | सर्वेक्षित आंकड़ो का विश्लेषण | 11 |
| | 5.2.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण | 11 |
| | 5.2.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण | 11-12 |

| | | |
|---|---|---|
| | 5.2.3 हरित/खुले क्षेत्रों का विवरण | 12 |
| | 5.2.4 परिसंचरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र - सड़कें, फुटपाथ, आदि | 13 |
| | 5.2.5 भवनों की ऊंचाई (क्षेत्रवार) | 13 |
| | 5.2.6 राज्य संरक्षित संस्मारक और सूचीबद्ध धरोहर भवन | 13 |
| | 5.2.7 सार्वजनिक सुविधाएं | 13 |
| | 5.2.8 संस्मारक तक सुसाध्यता | 13 |
| | 5.2.9 अवसरंचनात्मक सेवाएं | 13 |
| | 5.2.10 स्थानीय निकायों के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण | 14 |
| **अध्याय VI**<br>**संस्मारक का वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व** | | |
| 6.1 | वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व | 15 |
| 6.2 | संस्मारक की संवेदनशीलता | 15 |
| 6.3 | संरक्षित संस्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता | 16 |
| 6.4 | पहचान किये जाने वाले भू-उपयोग | 16 |
| 6.5 | संरक्षित संस्मारक के अतिरिक्त अन्य पुरातात्विक धरोहर अवशेष | 16 |
| 6.6 | सांस्कृतिक परिदृश्य | 16 |
| 6.7 | महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य | 16 |
| 6.8 | खुली जगह और निर्माण का उपयोग | 16-17 |
| 6.9 | पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियां | 17 |
| 6.10 | संस्मारक से और विनियमित क्षेत्रों से दृश्यमान क्षितिज | 17 |
| 6.11 | पारंपरिक वास्तुकला | 17 |
| 6.12 | स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा यथा उपलब्ध विकासात्मक योजना | 17 |
| 6.13 | भवन संबंधी मापदंड | 17-22 |
| 6.14 | आगंतुक सुविधाएं और साधन | 22 |
| **अध्याय VII**<br>**स्थल विशिष्ट संस्तुतियां** | | |
| 7.1 | स्थल विशिष्ट संस्तुतियां | 23 |
| 7.2 | अन्य संस्तुतियॉ | 23 |

## CONTENTS


| | | |
|---|---|---|
| **CHAPTER I<br>Preliminary** | | |
| 1.1 | Short title, Extent and Commencements | 24 |
| 1.2 | Definitions | 24-26 |
| **CHAPTER II<br>Background of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (AMASR) Act, 1958** | | |
| 2.1 | Background of the Act | 27 |
| 2.2 | Provision of Act related to Heritage Bye-Laws | 27 |
| 2.3 | Rights and Responsibilities of the Applicant | 27-28 |
| **CHAPTER III<br>Location and Setting of the Centrally Protected Monument - Picture Gallery, Husainabad Baradari, Lucknow, Uttar Pradesh"** | | |
| 3.1 | Location and Setting of the Monument | 29-30 |
| 3.2 | Protected boundary of the Monument | 30 |
| | 3.2.1 Notification Map/ Plan as per ASI records: | 30 |
| 3.3 | History of the Monument | 30-33 |
| 3.4 | Description of the Monument (architectural features, elements, materials etc.) | 33 |
| 3.5 | Current Status | |
| | 3.5.1 Condition of the Monument – Condition Assessment | 33 |
| | 3.5.2 Daily footfalls and occasional gathering numbers | 34 |
| **CHAPTER IV<br>Existing Zoning, if any, in the Local area Development Plan** | | |
| 4.1 | Existing Zoning | 35 |
| 4.2 | Existing Guidelines of the local bodies | 35 |
| **CHAPTER V<br>Information as per First Schedule and Total Station Survey** | | |
| 5.1 | Contour Plan | 36 |
| 5.2 | Analysis of surveyed data: | 36 |
| | 5.2.1 Prohibited Area and Regulated Area details | 36 |
| | 5.2.2 Description of built up area | 36-37 |
| | 5.2.3 Description of green/open spaces | 37-38 |
| | 5.2.4 Area covered under circulation – roads, footpaths etc. | 38 |
| | 5.2.5 Height of buildings (zone-wise) | 38 |
| | 5.2.6 State Protected Monuments and listed Heritage Buildings | 38 |

| | | |
|---|---|---|
| | 5.2.7 Public Amenities | 38 |
| | 5.2.8 Access to the Monument | 39 |
| | 5.2.9 Infrastructure Services | 39 |
| | 5.2.10 Proposed zoning of the area as per guidelines of the Local Bodies | 39 |
| **CHAPTER VI<br>Architectural, Historical and Archaeological Value of the Monument** | | |
| 6.1 | Architectural, Historical and Archaeological Value of the Monument | 40 |
| 6.2 | Sensitivity of the Monument | 40-41 |
| 6.3 | Visibility from the Protected Monument and visibility from Regulated Areas | 41 |
| 6.4 | Land-use to be identified | 41 |
| 6.5 | Archaeological heritage remains other than Protected Monument | 41 |
| 6.6 | Cultural landscapes | 41 |
| 6.7 | Significant natural landscapes | 42 |
| 6.8 | Usage of open space and constructions | 42 |
| 6.9 | Traditional, historical and cultural activates | 42 |
| 6.10 | Skyline as visible from the Monument and from Regulated Areas | 42 |
| 6.11 | Traditional Architecture | 42 |
| 6.12 | Developmental plan as available by the local authorities | 42 |
| 6.13 | Building related parameters | 43-47 |
| 6.14 | Visitor facilities and amenities | 48 |
| **CHAPTER VII<br>Site Specific Recommendations** | | |
| 7.1 | Site Specific Recommendations | 49 |
| 7.2 | Other Recommendations | 49 |

| | अनुलग्नक/ANNEXURES | |
|---|---|---|
| अनुलग्नक-I<br>Annexure-I | फोटो गैलरी, हुसैनाबाद बारादरी, लखनऊ का सर्वेक्षण प्लान<br>**Survey Plan of Picture Gallery Husainabad Baradari –Lucknow** | 50 |
| अनुलग्नक- II<br>Annexure- II | फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, लखनऊ की अधिसूचना<br>**Notification of Picture Gallery Husainabad Baradari, Lucknow** | 51-54 |
| अनुलग्नक-III (क)<br>Annexure-III (a) | फोटो गैलरी, लखनऊ की स्थल योजना दर्शानेवाला अभिलेखीय मानचित्र<br>**Archival Map showing the Site Plan of Picture Gallery, Lucknow** | 55 |
| अनुलग्नक-III (ख)<br>Annexure-III (b) | फोटो गैलरी, लखनऊ की ऊंचाई दर्शाने वाला अभिलेखीय चित्र<br>**Archival Drawing showing the Elevation of Picture Gallery, Lucknow** | 56 |
| अनुलग्नक-IV(क)<br>Annexure-IV(a) | लखनऊ महायोजना 2031<br>**Lucknow Master Plan 2031** | 57 |
| अनुलग्नक-IV(ख)<br>Annexure-IV(b) | लखनऊ महायोजना 2031 – नियोजन खंड<br>**Lucknow Master Plan 2031 – Regulation Zones** | 58 |
| अनुलग्नक-IV(ग)<br>Annexure-IV(c) | लखनऊ महायोजना 2031 – विरासत क्षेत्र<br>**Lucknow Master Plan 2031 – Heritage Zones** | 59 |
| अनुलग्नक-IV(घ)<br>Annexure-IV(d) | हुसैनाबाद विरासत क्षेत्र के साथ लखनऊ मास्टर योजना का भूमि उपयोग मानचित्र<br>**Land-use Map of Lucknow Master Plan 2031 overlaid with the Husainabad Heritage Zone** | 60 |
| अनुलग्नक-V<br>Annexure-V | विगत समय में और वर्तमान में स्मारक से विचारों के तुलनात्मक चित्र<br>**Comparative Images of the views from the Monument in the Past and Present** | 61-64 |
| अनुलग्नक-VI<br>Annexure-VI | संस्मारक के आस-पास के क्षेत्र के छायाचित्र<br>**Images of the Area Surrounding the Monument** | 65-68 |

**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण**

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप-विधि विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम (22) के साथ पठित प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय संरक्षित संस्मारक, "**फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश**" के लिए निम्नलिखित प्रारूप धरोहर उप-विधि जिन्हें यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के परामर्श से सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य प्रणाली), नियम, 2011 के नियम 18 के उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित जनता से आपत्ति या सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतद्वारा **01.12.2021** को प्रकाशित किया गया था।

यथा विनिर्दिष्ट दिनांक से पहले प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर सक्षम प्राधिकारी के परामर्श से राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विधिवत विचार किया गया है।

इसलिए, अब प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20ई की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, निम्नलिखित धरोहर उप-विधि बनाता है, नामत:

"**फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश**"

## अध्याय I
## प्रारंभिक

### 1.1 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ:-

(i) इन उप-विधियों को केंद्रीय संरक्षित संस्मारक, **''फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश''**, के लिए राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप-विधि, 2023 कहा जाएगा।

(ii) ये संस्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगी।

(iii)इन उप-विधियों के प्रावधान किसी भी अन्य उप-विधि में निहित असंगतता के बावजूद प्रभावी होंगे, चाहे इन उप-विधियों के प्रारंभ होने से पहले या बाद में बनाए गए हों, या किसी उप-विधि के आधार पर प्रभावी होने वाले किसी भी दस्तावेज़ में हों। इन उप-विधियों को किसी अन्य उप-विधि के अनुरूप बनाने के लिए इनमें संशोधन करना अनिवार्य नहीं होगा।

(iv) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगी।

### 1.2 परिभाषाएं:-

(1) इन उप-विधियों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों के तहत दिए अनुसार परिभाषाएं सुविधा की दृष्टि से यहां पुन: लिखी गई हैं:-

(क) "प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या स्थान या दफ़नगाह या कोई गुफा, शैल-मूर्ति, शिला-लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय या कलात्मक रुचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं -

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,

(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,

(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधाजनक निरीक्षण के साधन;

(ख) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या अवशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्तरूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

- उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
- उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ग) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (1958 का 24) है;

(घ) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद से निम्नतर पद (श्रेणी) का नहीं है;

(ड.) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्र सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की श्रेणी से नीचे न हो या समतुल्य श्रेणी का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

बशर्ते कि केंद्र सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 20ग, 20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) "निर्माण" से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुन:निर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जलनिकास सुविधाओं तथा सार्वजनिक शौचालयों, मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था करने के लिए आशयित सुविधाओं का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत की आपूर्ति और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए व्यवस्था शामिल नहीं हैं;

(ज) "तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.)" से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;

तल क्षेत्र अनुपात = भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(झ) "सरकार" से आशय भारत सरकार से है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसका पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधाजनक पहुंच को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) "स्वामी" के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियॉ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक-उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तराधिकारी;

(ठ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ड) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20 (क) के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ढ़) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) "विनियमित क्षेत्र" से इस अधिनियम की धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित (किया गया विनियमित क्षेत्र) अभिप्रेत है;

(थ) "पुन:निर्माण" से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएं समान हैं;

(द) "मरम्मत और पुनरुद्धार" से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुन:निर्माण नहीं होंगे।

(2) इसमें प्रयुक्त और परिभाषित नहीं किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का आशय वही अर्थ होगा जैसा अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों में समनुदेशित किया गया है।

## अध्याय II

## प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि

### 2.1 अधिनियम की पृष्ठभूमि:

धरोहर उप-विधियों का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित संस्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) प्रतिषिद्ध क्षेत्र, यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित संस्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में एक सौ मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) विनियमित क्षेत्र, यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में दो सौ मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, और विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना का निर्माण, पुन:निर्माण, मरम्मत अथवा पुनरुद्धार की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

### 2.2 धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध:

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की धारा 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष नियम (धरोहर उप-विधियों का विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम 22 में केंद्रीय संरक्षित संस्मारकों के लिए उप-विधि बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप-विधि बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें तथा कार्य संचालन) नियम, 2011 के नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप नियमों को अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

### 2.3 आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां:

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20 ग में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और नवीकरण के लिए अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुन: निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए नीचे दिये गये अनुसार आवेदन का ब्यौरा दिया गया है।

क. कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून,1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था, की मरम्मत अथवा पुनरुद्धार करना चाहता है अथवा विनियमित क्षेत्र में किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का निर्माण, पुनर्निर्माण, मरम्मत अथवा नवीकरण, जैसा भी मामला हो, करना चाहता है तो वह सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

ख. कोई व्यक्ति जो किसी विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना का स्वामी है और ऐसी भूमि पर बने भवन अथवा संरचना का निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण जैसा भी मामला हो, करना चाहता है तो वह निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

ग. सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम, 2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

## अध्याय III

## केंद्रीय संरक्षित संस्मारक - "फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का स्थान एवं अवस्थिति

### 3.1 संस्मारक का स्थान एवं अवस्थिति

संस्मारक जीपीएस निर्देशांक **26°52'27.14"** उत्तरी अक्षांश एवं **80°54'27.18"** पूर्वी देशातंर पर स्थित है। फोटो गैलरी को हुसैनाबाद बारादरी के नाम से भी जाना जाता है और यह हुसैनाबाद कॉम्प्लेक्स का एक हिस्सा है, यह दक्षिण-पूर्व में बाड़ा इमामबाड़ा से शुरू होकर दक्षिण-पश्चिम दिशा में जामा मस्जिद तक हुसैनाबाद ट्रस्ट रोड के मुख्य हिस्से के साथ-साथ लगभग 1.5 किमी तक फैला हुआ है। यह क्षेत्र कई संस्मारकों से भरा हुआ है, जिनमें केंद्रीय संरक्षित स्मारक जैसे रूमी दरवाजा, छोटा इमामबाड़ा या हुसैनाबाद इमामबाड़ा और एक ब्रिटिश कब्रिस्तान है और साथ ही घंटाघर और सतखंडा जैसी अन्य उल्लेखनीय ऐतिहासिक इमारतें भी मौजूद है। पूर्व में कुदियाघाट और गोमती नदी है।

ये संस्मारक 18वीं और 19वीं शताब्दी के दौरान बनाए गए थे और ये संस्मारक अवध के नवाबों और उनकी राजधानी लखनऊ के वैभव और भव्यता का एक जीता-जागता उदाहरण हैं । बारादरी के बगल में दक्षिण में हुसैनाबाद टैंक है, दक्षिण-पूर्व में घंटाघर है और दक्षिण-पश्चिम में सतखंडा है। पूर्व में कुदिया घाट और गोमती नदी है।




चित्र 1: हुसैनाबाद लखनऊ में फोटो गैलरी की अवस्थिति दर्शाता सैटेलाइट छायाचित्र

आज, हुसैनाबाद लखनऊ के पुराने शहर का केंद्र और हृदय है, जो एक निर्दिष्ट विरासत क्षेत्र भी है और इसका एक विरासत जोन में पुनर्विकास किया गया है। यह शहर के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक है और यहां देश भर से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं।




चित्र 2: हुसैनाबाद परिसर में सभी केंद्रीय संरक्षित संस्मारको के समूह को दर्शाता गूगल मानचित्र

### 3.2 संस्मारक की संरक्षित चारदीवारी:

फोटो गैलरी हुसैनाबाद बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में केंद्रीय संरक्षित संस्मारक की संरक्षित चारदीवारी **अनुलग्नक-I** में देखी जा सकती है।

### 3.2.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अभिलेखों के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना:

फोटो गैलरी हुसैनाबाद बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजपत्र अधिसूचना **अनुलग्नक-II** में देखी जा सकता है।

### 3.3 संस्मारक का इतिहास:

इस संस्मारक का निर्माण वर्ष 1838 ई. में अवध के तीसरे नवाब मोहम्मद अली शाह (1837-1842) द्वारा ग्रीष्मकालीन आवास के रूप में किया गया था। इस इमारत को 'बारादरी' के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ 12 दरवाजे है और पुराने लखनऊ में मोहल्ला हुसैनाबाद में लाल रंग के भवनों में स्थित है। कुछ

समय  बारादरी तालुकदार हॉल के नाम से भी जानी जाती थी जिस समय यह ब्रिटिशों द्वारा अवध के तालुकदारों के अंजुमन को सौंपा गया था। तथापि बाद में इसे 'फोटो गैलरी' के नाम से जाना जाता था जिसमें अवध के नवाबों के चित्र प्रदर्शित किए गए थे जो यूरोप के एक यात्री कलाकार हैरिसन, डावलिंग और गारवेट तथा एक भारतीय कलाकार डी. एस. सिंह द्वारा 1882-1885 के बीच पेंट किए गए थे। चित्रों की आंखें, सिर और जूते दर्शक की नजर के साथ-साथ घुमते प्रतीत होते हैं। यह भी माना जाता है कि पेंटिंग हाथी की चमड़ी पर की गई थी और रंग के मुख्य घटक के रूप में हीरे का प्रयोग किया गया था।  'फोटो गैलरी' का वास्तव में गलत नाम का प्रयोग किया गया है क्योंकि यह गैलरी स्मारक के एक छोटे हिस्से में ही है।

इस बारादरी के सामने, मोहम्मद अली शाह ने 1839 में एक शानदार ***तालाब*** **(हुसैनाबाद टैंक) बनवाया,** जिसके दोनों कोनों पर एक छोटी मस्जिद और एक मेल खाता *हमाम (स्नानघर) था।* यह एक बड़ी बहुभुजीय रचना है, जो पूर्व और पश्चिम की ओर बड़े जलाशयों से जुड़ी हुई है। चारों ओर से सीढ़ियों की एक कतार पानी के किनारे तक जाती है। यहां एक मीना बाज़ार, एक *सराय (विश्राम गृह),* घोड़ों के लिए एक *अस्तबल और एक फीलखाना* (हाथियों के लिए अस्तबल) भी बनाया गया था।

x




चित्र 3: हुसैनाबाद संस्मारकों की अवस्थिति दिखाता एक अभिलेखीय मानचित्र

मोहम्मद अली शाह ने लखनऊ को वास्तव में एक प्राचीन सांस्कृतिक शहर-बेबीलोन बनाने का संकल्प लिया था। 1839 में उन्होंने वर्तमान घंटाघर के पड़ोस में बेबीलोन की मीनार या तैरते बगीचे से मिलती-जुलती एक इमारत का निर्माण शुरू किया और इसे **सतखंडा** या सात मंजिला टॉवर नाम दिया, लेकिन 1842 में मुहम्मद अली शाह की मृत्यु तक इसका निमार्ण कार्य केवल पांचवीं मंजिल तक ही पहुंच पाया था। लखनऊ के पुराने शहर क्षेत्र का विहंगम दृश्य देखने के लिए उन्होंने इसे एक वॉच-टावर के रूप में बनवाया था। टावर में कई विशाल त्रि-धनुषाकार खिड़कियाँ और हिस्से हैं। सर्पिल सीढ़ियों की एक कतार इमारत की विभिन्न मंजिलों तक जाती है।

चित्र 4: हुसैनाबाद संस्मारकों के समूह की अवस्थिति दिखाते छायाचित्र

**हुसैनाबाद इमामबाड़ा**, जिसे आमतौर पर छोटा इमामबाड़ा के नाम से जाना जाता है। इस इमामबाड़ा का निर्माण 1837 से 1842 के बीच नवाब मुहम्मद अली शाह ने कराया था। यह इमारत शिया मुस्लमानों के लिए एक मण्डली हॉल के रूप में कार्य करने के साथ-साथ नवाब और उनकी माँ के लिए एक मकबरे के रूप में भी बनाई गई थी। इमारत के शीर्ष पर सोने का पानी चढ़ा हुआ एक प्रमुख गुंबद है, जो भिन्न प्रकार से राजसी मेहराबों, मीनारों और छोटे गुंबदों से सजा है। मकबरे का अंदरूनी हिस्सा भव्य झूमरों, सोने के दर्पणों, रंगीन प्लास्टर के साथ-साथ चांदी के मुंह वाले सिंहासन से सुसज्जित है।

नवाब मुहम्मद अली शाह ने वर्ष 1842 ई. में शुरू कराया था परन्तु दुर्भाग्यवश 1842 ई. में निर्माण की अवधि के दौरान नवाब की मृत्यु हो गई और उनकी मृत्यु के बाद 1845 ई. में उनकी रानी – मलका जहां साहिबा द्वारा मकबरे को पूरा कराया गया। दक्षिण दिशा पर इमामबाड़ा मलका जहां के नाम का अधूरा इमामबाड़ा देखा जा सकता है। इस इमामबाडा का निर्माण अवध की रानी द्वारा शुरू किया गया था परन्तु सैनिक विद्रोह के कारण पूरा नहीं किया जा सका।

केवल पांच वर्ष के छोटे से अर्से में ही मोहम्मद अली शाह ने लखनऊ को रहने के लिए एक बहुत ही सुंदर शहर बना दिया था। हुसैनाबाद गेट से रूमी दरवाजा की ओर एक चौड़ी सड़क निकाली गई जो चौक के नाम से प्रसिद्ध हुई। सड़क के दोनों ओर सुन्दर दिखने वाली इमारतें बनी हुई थीं। रूमी दरवाज़ा, आसफ-उद-दौला इमामबाड़ा और उसकी मस्जिद इस सड़क के एक छोर पर थी और दूसरी तरफ सतखंडा और हुसैनाबाद गेट थे, कई ऊंची इमारतें नए इमामबाड़े को घेरे हुए थीं और उसके बगल में **फोटो गैलरी** स्थित है।

**रूमी दरवाजा, बड़ा इमामबाड़ा और असफ़ी मस्जिद** मिलकर भव्य पैमाने और भव्यता का एक वास्तुशिल्प मिश्रण बनाते हैं । इसे नवाब आसफ-उद-दौला ने अठारहवीं शताब्दी में बनवाया था जब उन्होंने वाध की राजधानी फैजाबाद से लखनऊ स्थानांतरित की थी। उनके पार्थिव शरीर को परिसर के वास्तुकार किफायत उल्ला के शव के साथ इमामबाड़े के अंदर दफनाया गया है। ऐसा कहा जाता है कि नवाब ने ऐसे समय में रोजगार सृजित करने के लिए इमामबाड़ा परिसर का निर्माण शुरू किया था जब भयंकर सूखा और उसके बाद अकाल पड़ा था।

**हुसैनाबाद घंटा-घर** दक्षिण-पूर्व दिशा में फोटो गैलरी के नजदीक स्थित है। घंटाघर का निर्माण 1880 में शुरू हुआ और 1887 में पूरा हुआ। इसकी ऊंचाई 221 फीट है और इसमें भारत की सबसे बड़ी घड़ी लगी है।

फोटो गैलरी की बालकनी शहर के सुंदर मनोरम दृश्य देने के लिए जानी जाती थी, जो वर्तमान समय में भी उपरोक्त सभी संस्मारकों को एक साथ दिखाती है।

### 3.4 संस्मारक का विवरण (वास्तुशिल्पीय विशेषताएं, तत्व, सामग्री, आदि):

फोटो गैलरी जिसे बारादरी के नाम से भी जाना जाता है, 12 दरवाजों वाली एक दो मंजिला इमारत है। यह एक गुलाबी और टेराकोटा रंग की इमारत है, जो चूने के गारे से बनी लाखौरी ईंटों से बनी है और चूने के प्लस्तर से तैयार की गई है। भूतल में नुकीले मेहराब हैं जिनमें से प्रत्येक के शीर्ष पर एक कंगूरा है जबकि ऊपरी मंजिल में सात मेहराबदार छेद है। चौड़े मेहराबों में यूरोपीय प्रभाव देखा जा सकता है जो बांसुरीदार खंभों पर टिके हुए हैं, जो लाखौरी ईंटों और नकली पत्थरों के प्लस्तर से निर्मित हैं। संरचना एक सपाट छत से ढ़की हुई है लेकिन मख्य हॉल को प्राकृतिक रूप से हवादार बनाने के लिए चोटीदार ढ़लान वाली छते हैं। मुख्य हॉल का उपयोग अब फोटो आर्ट गैलरी के रूप में किया जाता है। बारादरी के दोनों ओर परवर्ती परिवर्धन देखने को मिलते हैं। मेहराब, खंभे, छतें और पैरापेट संकेत देते हैं कि ये संरचनाएं बाद के चरण की है। पश्चिम की संरचनाएं अब हुसैनाबाद ट्रस्ट के कार्यालय के रूप में उपयोग की जाती है। हुसैनाबाद बारादरी की एक अनूठी विशेषता यह है कि इसमें तालाब के सामने ऊपरी मंजिल के गलियारे में लोहे के खंभे हैं और इनका उपयोग पहली बार नवाबों की इमारतों में किया गया था। (**अनुलग्नक-III-ख** देखें)

### 3.5 वर्तमान स्थिति

#### 3.5.1 संस्मारकों की स्थिति-स्थिति का आकलन:

केंद्रीय संरक्षित संस्मारक और क्षेत्र (सीपीएम) और उसके संरक्षित क्षेत्र का रखरखाव और संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का विशिष्ट कार्यक्षेत्र है। संरक्षित संस्मारक की वर्तमान स्थिति को दर्शाने वाली तस्वीरें **अनुलग्नक- 6** में संलग्न हैं ।

#### 3.5.2 प्रतिदिन आने वाले और कभी-कभार एकत्रित होने वाले आगंतुकों की संख्या:

बहुत कम आगन्तुक स्मारक मे आते हैं क्योंकि बहुत से लोग इसके बारे में नहीं जानते। इस स्थल को एक महत्वपूर्ण हरित खुले स्थान में विकसित किए जाने की क्षमता है।

## अध्याय IV

## स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में विद्यमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो

### 4.1 विद्यमान क्षेत्रीकरण:

- लखनऊ मास्टर प्लान 2031, धारा 8.11.9 तीन विरासत क्षेत्रों को नामित करती है, जैसा कि **अनुलग्नक IV-ग)** में मानचित्र में दिखाया गया है, अर्थात्:

  (i) हुसैनाबाद परिसर
  (ii) कैसरबाग परिसर
  (iii) ला मार्टिनियर परिसर

  **केंद्रीय संरक्षित संस्मारक परिसर (धरोहर क्षेत्र) फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में स्थित है।**

- लखनऊ मास्टर प्लान 2031 के अनुसार लखनऊ विकास क्षेत्र को 31 विनियमन क्षेत्रों **(अनुलग्नक-IV-ख)** में विभाजित किया गया है। ये विनियमन क्षेत्र आम तौर पर सदृश्य क्षेत्र की मुख्य सड़कों की सीमा तक ही सीमित होते हैं। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार अलग-अलग विनियमन क्षेत्रों की विस्तृत विकास योजनाओं के प्रस्ताव अभी तैयार नहीं किए गए हैं।
- फोटो गैलरी, हुसैनाबाद, बारादरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का स्थान क्षेत्रीय योजना के **क्षेत्र 8** के अंतर्गत आता है।

### 4.2 स्थानीय निकायों के वर्तमान दिशानिर्देश :

लखनऊ मास्टर प्लान 2031, अध्याय 8, खंड **8.11.9** शीर्षक ऐतिहासिक इमारतों/स्थलों **के लिए प्रावधान**

(1) **ऐतिहासिक इमारतों/स्थलों के लिए वास्तुशिल्पीय नियंत्रण**

महत्वपूर्ण क्षेत्रों की इमारतों के लिए मुख्य सड़कों के सामने वाली इमारतें अथवा ऐतिहासिक महत्व वाली संरचनाओं के निकट के भवनों के लिए वास्तुशिल्पीय/कला आधारित निर्माण योजनाओं का अनुमोदन आवश्यक होगा।

(2) **योजना नियंत्रण**

निम्नलिखित नियंत्रण धरोहर क्षेत्रों (जैसा कि अनुलग्नक IV-ग में मानचित्र में दिखाया गया है) और ऐतिहासिक स्मारकों/इमारतों पर लागू होंगे:

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा अधिसूचित केंद्रीय संरक्षित स्मारकों पर भारत सरकार के संगत प्रावधान लागू होंगे।

## अध्याय V

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रिकार्ड में परिभाषित सीमाओं के आधार पर प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों की प्रथम अनुसूची, नियम 21(1)/कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना

**5.1 फोटो गैलरी हुसैनाबाद बारादरी, लखनऊ की रूपरेखा/सर्वेक्षण योजना अनुलग्नक-I** में देखी जा सकती है।

**5.2 सर्वेक्षित आंकड़ों का विश्लेषण**

**5.2.1 प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र का विवरण:**

- संस्मारक का कुल संरक्षित क्षेत्र 1379.978 वर्गमीटर है।
- संस्मारक का कुल प्रतिषित्र क्षेत्र 47429.157 वर्गमीटर है।
- संस्मारक का कुल विनियमित क्षेत्र 282850.982 वर्गमीटर है।

**मुख्य विशेषताएं**

एक दूसरी केंद्रीय संरक्षित स्मारक, हुसैनाबाद इमामबाड़ा अथवा छोटा इमामबाड़ा आंशिक रूप से फोटो गैलरी के विनियमित क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम दिशा में आती है।

हुसैनाबाद क्षेत्र का पुनर्विकास वर्ष 2014-2017 में विरासत परिसर के रूप में किया गया था जिसमें सड़कों को चौड़ा करना, भूदृश्य, स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था करना, संकेतक लगाना और स्ट्रीट लगाना, सार्वजनिक प्लाजा बनाना शामिल है।

**5.2.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण:**

**प्रतिषिद्ध क्षेत्र:**

- **उत्तर:** शीश महल नामक घनी आवासीय संरचना जो अधिकांशत: जी+1 से जी+2 मंजिल की कम ऊंची आवासीय इमारतें हैं तथा कम चौड़ी लेन हैं।
- **दक्षिण:** दक्षिण में सीढ़ीदार हुसैनाबाद टेंक है और दक्षिण-पूर्व दिशा में हुसैनाबाद घंटाघर है। (**अनुलग्नक-VI** में छायाचित्र 6.3 और 6.4 देखें)
- **पूर्व:** स्मारक की उत्तर-पूर्व दिशा में पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। शीश महल मोहल्ला के भाग के रूप में उत्तर-पूर्व दिशा में प्रतिषिद्ध क्षेत्र का किनारा बनता है। इस दिशा में आवास कम ऊंचाई की भूतल की संरचनाएं है जिनमें कुछ बहुत पुरानी लाखौरी ईंटों की संरचनाएं शामिल हैं।
- **पश्चिम:** प्रतिषिद्ध क्षेत्र का किनारा शीश महल मोहल्ला के कम ऊंचाई वाले निवासों की लाइन है। स्मारक परिसर के समीप अनवर नवाब रोड़ के साथ पार्किंग सुविधा उपलब्ध है।

**विनियमित क्षेत्र:**

- **उत्तर:** एक सघन निर्मित संरचना जिसमें जी+1 से लेकर जी+3 मंजिल तक की मध्य ऊंचाई वाली आवासीय इमारतें शामिल हैं (छायाचित्र 6.7 और 7.8 देखें)। यह क्षेत्र शीश महल परिसर का हिस्सा है जो नवाबों का पूर्ववर्ती महल था, जिसके अवशेष इस दिशा में मौजूद हैं (छायाचित्र 6.5 और 6.6 देखें)। तब से यह क्षेत्र व्यवस्थित और अव्यवस्थित रूप से विकसित हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप खराब बुनियादी ढांचे और तंग सड़कें और उप-गलियां हैं। ऐतिहासिक शीश महल तालाब भी इसी दिशा में स्थित है, जो सघन रूप से निर्मित बहु-आवासीय आवासों से घिरा हुआ है। आंतरिक सड़कों के किनारे छोटी-छोटी दुकानें हैं।
- **दक्षिण:** संस्मारक के दक्षिण में हुसैनाबाद रोड के किनारे एक मंजिला संरचनाएं, ज्यादातर छोटी दुकानें और भोजनालय देखे जा सकते हैं (छायाचित्र 6.11 और 6.12 देखें) जबकि दक्षिण-पश्चिम दिशा में हुसैनाबाद इमामबाड़ा (छोटा इमामबाड़ा), एक केंद्रीय संरक्षित स्मारक का हिस्सा, है (छायाचित्र 6.9 और 6.10 देखें)। दक्षिण में रईस मंजिल के परिसर में एक मस्जिद और रौज़ा-ए हज़रत मुस्लिम नाम का एक धार्मिक संगठन मौजूद है।
- **पूर्व:** पूर्व में घंटाघर प्लाजा से सटा हुआ दुर्गादेवी रोड है जो उत्तर-पश्चिम में शीश महल तालाब को दक्षिण में हुसैनाबाद रोड से जोड़ता है। दुर्गादेवी सड़क के किनारे तदर्थ अस्थायी बस्तियाँ हैं जो आंशिक रूप से टिन-शेड के आवरण से ढकी हुई हैं। स्मारक के उत्तर-पूर्व दिशा में दुर्गादेवी रोड के किनारे शीश महल अपार्टमेंट (बेसमेंट + 4 मंजिल) के नाम से एक नया अपार्टमेंट ब्लॉक बनाया गया है। दक्षिण-पूर्व दिशा में 33/11 केवी सब-स्टेशन घंटाघर, लाजपत नगर विद्युत सब-स्टेशन और एक निर्माणाधीन संग्रहालय और फूड कोर्ट ब्लॉक मौजूद हैं।
- **पश्चिम:** सतखंडा टॉवर, जो हुसैनाबाद विरासत परिसर का एक हिस्सा है, प्रतिषिद्ध क्षेत्र के ठीक बाहर मौजूद है। इस दिशा में शीश महल की आवासीय और व्यावसायिक इमारतों, गेंद खाना और राम गंज के सघन निर्माण मौजूद है, जो संकरी गलियों के साथ-साथ अनियोजित और सुव्यवस्थित विकास की है।

### 5.2.3 हरित/खुले स्थानों का विवरण:

- **उत्तर:** प्रतिषिद्ध क्षेत्र में उत्तर-पूर्व दिशा में एक खुले पार्किंग स्थान के साथ फोटो गैलरी के सामने एक पार्क मौजूद है। इसके अलावा, इस दिशा में विनियमित क्षेत्र में कोई पर्याप्त खुला या हरा-भरा स्थान नहीं है।

- **पूर्व**: प्रतिषिद्ध क्षेत्र में पूर्व और दक्षिण-पूर्व दिशा में घंटा घर पार्क और सार्वजनिक प्लाजा जो हुसैनाबाद विरासत परिसर का भी हिस्सा हैं, मौजूद हैं (छायाचित्र 6.4 देखें)। पूर्व में दुर्गा-देवी रोड के किनारे खुली भूमि का एक विशाल खंड है, इसका भूमि उपयोग लखनऊ मास्टर प्लान 2031 में पार्क और पार्क की खुली जगह के रूप में चिन्हित किया गया है, जिस पर वर्तमान में अस्थायी बस्तियां है। आगे पूर्व में गोमती नदी के किनारे कुदिया घाट है।

- **दक्षिण:** हुसैनाबाद रोड के साथ हुसैनाबाद विनियमित क्षेत्र में दक्षिण-पूर्व दिशा में एलाइड ट्रस्ट से संबंधित खुली भूमि का एक विशाल हिस्सा मौजूद है। (छायाचित्र 6.13 देखें)

- **पश्चिम:** सतखंडा के सामने हरे-भरे स्थान का एक छोटा सा भाग प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद है। कुछ पुराने पेड़ों के अलावा, विनियमित क्षेत्र में कोई पर्याप्त खुला या हरा-भरा स्थान नहीं है।

### 5.2.4 परिसंचरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र - सड़कें, फुटपाथ आदि:

फोटो गैलरी-हुसैनाबाद टैंक और घंटाघर का पार्क तथा प्लाजा परिसर दक्षिण-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिशा में हुसैनाबाद रोड, दक्षिण-पूर्व से उत्तर दिशा में दुर्गा-देवी रोड और दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में अनवर नवाब रोड से घिरा हुआ है। हुसैनाबाद विरासत परिसर में पड़ने वाली इन सड़कों के हिस्सों को दोतरफा बनाया गया है और यातायात की गति को नियंत्रित करने के लिए कोबलस्टोन से तैयार किया गया है। सड़कों के किनारे पैदल यात्रियों के लिए पेड़ों से युक्त चौड़े फुटपाथ हैं। शीशमहल के घने आवासीय क्षेत्र की संकरी गलियों को पेवर ब्लॉकों से तैयार किया गया है।

### 5.2.5 भवनों की ऊंचाई (क्षेत्रवार):

- **उत्तर**: मुख्य रूप से आवासीय भवन जी+1 से जी+4 तक हैं, अधिकतम ऊंचाई लगभग 17.5 मीटर है।
- **दक्षिण:** मुख्य रूप से जी+1 और जी+2 की आवासीय और वाणिज्यिक इमारतें हैं, अधिकतम ऊंचाई लगभग 11.5 मीटर है।
- **पूर्व:** विद्युत सब-स्टेशन लगभग 8.5 मीटर ऊंचाई की जी+1 संरचना है, जबकि निर्माणाधीन फूड कोर्ट और संग्रहालय क्रमशः जी+1 और जी+2 हैं, जिनकी ऊंचाई 8.5 मीटर से 11.5 मीटर है।
- **पश्चिम:** मुख्य रूप से आवासीय भवन जी+1 से जी+4 तक हैं, अधिकतम ऊंचाई लगभग 17.5 मीटर है।

### 5.2.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के भीतर स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा राज्य संरक्षित संस्मारक और सूचीबद्ध धरोहर भवन, यदि उपलब्ध हों:

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र के भीतर कोई राज्य संरक्षित स्मारक नहीं है। मुहम्मद अली शाह के मकबरे (हुसैनाबाद या छोटा इमामबाड़ा) का एक हिस्सा जो एक केंद्रीय संरक्षित स्मारक है, दक्षिण-पश्चिम दिशा में विनियमित क्षेत्र में आता है। प्रतिषिद्ध क्षेत्र में स्थित घंटाघर, हुसैनाबाद टैंक और सतखंडा हुसैनाबाद एलाइड ट्रस्ट के अधीन हैं, जिनकी देखभाल जिला प्रशासन द्वारा की जाती है।

### 5.2.7 सार्वजनिक सुविधाएं:

शहरी पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में घंटा घर पार्क में फोटो गैलरी के पूर्व में नए शौचालय ब्लॉक विकसित किए गए हैं। शौचालय ब्लॉकों में पीने के पानी की सुविधा भी मौजूद है। स्थापित किया जाने वाला संग्रहालय और फूड कोर्ट ब्लॉक निर्माणाधीन हैं, जो दुर्गादेवी रोड के साथ फोटो गैलरी के दक्षिण-पूर्व में प्रस्तावित हैं। आगंतुकों के लिए उत्तर-पूर्व दिशा में निर्दिष्ट पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। घंटा घर परिसर में दिशा संकेत, स्ट्रीटलाइट और बेंच भी मौजूद हैं।

### 5.2.8 संस्मारक तक पहुंच:

रूमी दरवाजा से आने पर पूर्व में दुर्गादेवी रोड से और हुसैनाबाद गेट से आने पर पश्चिम में अनवर अहमद रोड से सीधे स्मारक तक पहुंचा जा सकता है।

### 5.2.9 अवसंरचना सेवाएँ (जल आपूर्ति, वर्षा जल निकासी, सीवेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि):

आगंतुकों के लिए फोटो गैलरी और घंटा घर परिसर में स्मारक के पास पार्किंग उपलब्ध कराई जाती है। स्मारक के पास उपलब्ध शौचालयों में जल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन भी मौजूद है।

### 5.2.10 स्थानीय निकायों के दिशानिर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण:

- लखनऊ मास्टर योजना (मास्टर प्लान)-2031 और संशोधित शहर विकास योजना 2040 के अनुसार, हुसैनाबाद में फोटो गैलरी स्थल हुसैनाबाद परिसर विरासत क्षेत्र के अंतर्गत आता है। (**अनुलग्नक IV-ग)**

- फोटो गैलरी, हुसैनाबाद स्थल लखनऊ मास्टर प्लान 2031 **(अनुलग्नक IV-ख)** के अनुसार क्षेत्रीय योजना के **क्षेत्र 8** के अंतर्गत आता है। प्राधिकरण द्वारा अभी तक विस्तृत क्षेत्रीय योजनाएं तैयार नहीं की गई हैं।

## अध्याय- VI

## संस्मारक की वास्तुकला, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व

### 6.1 वास्तुकला, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व:

'फोटो गैलरी' उन स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो सभी मिलकर हुसैनाबाद के बड़े ऐतिहासिक परिसर का निर्माण करते हैं। हुसैनाबाद परिसर वास्तुकला और सौंदर्यशास्त्र का एक शानदार नमूना है जो अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान अवध के नवाबों के संरक्षण में लखनऊ में विकसित हुआ था। परिसर में मौजूद स्मारक विभिन्न नवाबों के शासनकाल से संबंधित हैं और बड़ा इमामबाड़ा से लेकर रूमी दरवाजा परिसर तक वास्तुकला की उदार शैली को दर्शाते हैं, जो पारसी सौंदर्यशास्त्र से प्रभावित थे और दूसरे छोर पर दिल्ली में मुगल युग की जामा मस्जिद से प्रेरित जुमा मस्जिद तक है। घंटाघर, जिसे भारत के सबसे ऊंचे घंटाघरों में से एक होने का श्रेय दिया जाता है, ब्रिटिश काल का एक तत्व है जबकि सतखंडा और फोटो गैलरी लखनऊ के इतिहास में एक समय को दर्शाते हैं जिसने दुनिया के पश्चिमी हिस्से से महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। साथ में, हुसैनाबाद परिसर प्रतिष्ठित वास्तुशिल्प चमत्कारों का एक समूह है जो लखनऊ को एक अद्वितीय क्षितिज प्रदान करता है।

परिसर के अन्य स्मारकों के साथ-साथ फोटो गैलरी गोमती नदी के तट के नजदीक स्थित है और ऊंचे सड़क बांध के कारण नदी तट के साथ संबंध स्थापित करना अब मुश्किल है, हालांकि नदी के साथ ऐतिहासिक संबंध बहुत मज़बूत रहा होगा।

### 6.2 संस्मारक की संवेदनशीलता (जैसे विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव, आदि):

दुर्गादेवी रोड और कुड़िया घाट बांध रोड के बीच की भूमि का टुकड़ा वर्तमान में विकास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमि का टुकड़ा है। इस भूमि में विकास को विनियमित करना आवश्यक है क्योंकि यह फोटो गैलरी के दृश्यों की पृष्ठभूमि बनाता है और पूर्व में गोमती नदी के बीच स्मारक के परिसर के बीच एक मजबूत भौतिक संबंध है जो ऐतिहासिक रूप से हो सकता है। इस भूमि पर असंवेदनशील आवासीय विकास शुरू हो गया है, जिससे फोटो गैलरी का दृश्य अवरुद्ध हो गया है। दुर्गा देवी रोड के किनारे टिन शेड से अवरुद्ध अस्थायी बस्तियां और अतिक्रमण देखे जा सकते हैं। (जैसा कि अभिलेखीय मानचित्रों में देखा गया है) (छायाचित्र 6.15, 6.16 और 6.17 देखें)

स्मारक के पश्चिम में शीश महल की ऐतिहासिक शहरी बस्ती में मध्य ऊंचाई के बहु-निवास इकाइयों की तेजी से वृद्धि होने से बढ़ता दबाव भी स्पष्ट है। चूंकि कोई औपचारिक प्लॉटिंग नहीं है और घर पीढ़ियों से विभाजित पुरानी संपत्तियों पर पुनर्निर्माण का परिणाम हैं, इसलिए खाली जगह, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचा सेवाओं की गुणवत्ता की कमी है। विनियम जैसे नए निर्माणों की ऊंचाई पर प्रतिबंध आसपास के स्मारकों द्वारा और उनके द्वारा बनाई गई क्षितिज रेखा के सम्मान को विनियमित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

स्मारक के दक्षिण में हुसैनाबाद रोड के किनारे वाणिज्यिक पथ के विकास को क्षेत्र के विरासत चरित्र का सम्मान करने के लिए बनाए रखने हेतु विनियमित किया जाना चाहिए। कुछ दुकानों का फुटपाथ पर अतिक्रमण हो रहा है जो न केवल सड़क के दृश्य को प्रभावित करती है बल्कि पैदल चलने वालों को भी बाधित करती है। हुसैनाबाद गेट में सतखंडा पुलिस चौकी (छायाचित्र 6.9 देखें) जैसी विरासत संरचनाओं में असंगत और असंवेदनशील परिवर्धन न केवल विरासत संरचनाओं की दृश्य अखंडता को खराब करता है, बल्कि गेटों की संरचनात्मक स्थिरता को भी नुकसान पहुंचाता है।

### 6.3 संरक्षित संस्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:

संस्मारक दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्मारक के दक्षिण-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक का क्षितिज पिछले कुछ वर्षों में काफी बदल गया है, जैसा कि अभिलेखीय तस्वीरों से तुलना करने पर दिखाई देता है, हालांकि, इसने ऐतिहासिक विशेषताओं को काफी हद तक बनाए रखा है। स्मारक से उत्तर-पूर्व दिशा में कुछ आवासीय भवनों के निर्माण के कारण विशाल विस्तार की पृष्ठभूमि से समझौता किया गया है। **(अनुलग्नक V देखें)**

### 6.4 पहचान किए जाने वाले भू-उपयोग :

